बैठक के आयोजन हेतु जिला अध्यक्ष सशक्तिकरण को लेकर प्रतिबद्ध है। समस्या बना रहता है। जल प्रदूषण ऐसी परियोजनाओं को बढ़ावा देगा।

# ईएसआईसी गुरुग्राम उप क्षेत्रीय कार्यालय सम्मानित

- **सहायक निदेशक (रा. भा.) डॉ. स्वीटी यादव को सम्मान।**
- **अखिल भारतीय राजभाषा के महानिदेशक द्वारा पुरुस्कृत।**

**कुमार प्रवेश, गुड़गांव टुडे**



**सम्मान प्राप्त करती सहायक निदेशक डॉ. स्वीटी यादव।**

गुरुग्राम। अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में महानिदेशक द्वारा किया गया कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी), उप क्षेत्रीय कार्यालय गुरुग्राम को सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) द्वारा विशाखापत्तनम, आंध्रप्रदेश में 34वें अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का आयोजन 22 दिसम्बर- 2025 को किया गया। इस दो दिवसीय सम्मेलन की अध्यक्षता निगम के महानिदेशक अशोक कुमार सिंह(भा.प्र.से.) द्वारा की गई। सम्मेलन में ईएसआईसी के सभी कार्यालयों व अस्पतालों के राजभाषा अधिकारियों एवं प्रभारियों द्वारा सहभागिता निभाई। सम्मेलन का उद्देश्य ईएसआईसी के कार्यालयों व अस्पतालों में राजभाषा हिंदी के कार्यान्वयन पर चर्चा करना होता है। राजभाषा हिंदी कार्यान्वयन के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विजेता कार्यालयों को पुरस्कृत किया जाता है। सम्मेलन में महानिदेशक अशोक कुमार सिंह द्वारा उप क्षेत्रीय कार्यालय गुरुग्राम को राजभाषा हिंदी के कार्यान्वयन में लक्ष्यों की प्राप्ति एवं सराहनीय कार्यों के लिए प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया। इसके साथ ही उप क्षेत्रीय कार्यालय गुरुग्राम की हिंदी गृह पत्रिका 'श्रम ज्योति' के 9वें अंक को भी प्रथम पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया। डॉ. स्वीटी यादव-सहायक निदेशक(रा.भा.) ने इस सम्मेलन में उप क्षेत्रीय कार्यालय गुरुग्राम का प्रतिनिधित्व किया तथा पुरस्कार प्राप्त किया।

**श्रंखला : पंकज डावर**



नवोदय टाइम्स TUE,23 DECEMBER 2025
EDITION: GURGAON, PAGE NO. 1

# सहायक निदेशक(रा.भा.) डॉ. स्वीटी यादव को मिला सम्मान



सम्मान प्राप्त करती सहायक निदेशक डा स्वीटी यादव।

गुड़गांव, 22 दिसंम्बर (ब्यूरो): अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में महानिदेशक द्वारा किया गया कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी), उप क्षेत्रीय कार्यालय गुरूग्राम को सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) द्वारा विशाखापत्तनम, आंध्रप्रदेश में 34वें अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का आयोजन 22 दिसम्बर- 2025 को किया गया। इस दो दिवसीय सम्मेलन की अध्यक्षता निगम के महानिदेशक अशोक कुमार सिंह(भा.प्र.से.) द्वारा की गई।

# मेवात
# 24/12/2025
# गुरुग्राम

## गुरुग्राम कर्मचारी राज्य बीमा निगम के उप-क्षेत्रीय कार्यालय को मिला प्रथम पुरस्कार

गुरुग्राम। कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) द्वारा विशाखापत्तनम (आंध्र प्रदेश) में 34वें अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन आयोजित किया गया। इस दो दिवसीय सम्मेलन की अध्यक्षता



निगम के महानिदेशक अशोक कुमार सिंह ने की। सम्मेलन में ईएसआईसी के देशभर के सभी कार्यालयों एवं अस्पतालों के राजभाषा अधिकारी एवं राजभाषा प्रभारी अधिकारियों ने सहभागिता की। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य ईएसआईसी के कार्यालयों एवं अस्पतालों में राजभाषा हिंदी के प्रभावी कार्यान्वयन की समीक्षा करना तथा राजभाषा हिंदी के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्यालयों को सम्मानित करना था। सम्मेलन के दौरान महानिदेशक अशोक कुमार सिंह द्वारा कर्मचारी राज्य बीमा निगम के उप-क्षेत्रीय कार्यालय गुरुग्राम को राजभाषा हिंदी के कार्यान्वयन में निर्धारित लक्ष्यों की शत-प्रतिशत प्राप्ति एवं सराहनीय कार्यों के लिए प्रथम पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त उप क्षेत्रीय कार्यालय गुरुग्राम की हिंदी गृह पत्रिका श्रम ज्योति के 9वें अंक को भी उत्कृष्ट प्रकाशन के लिए प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ. स्वीटी यादव, सहायक निदेशक (राजभाषा) ने सम्मेलन में उप क्षेत्रीय कार्यालय गुरुग्राम का प्रतिनिधित्व कर पुरस्कार प्राप्त किए।

# अमर भारती
# 24/12/2025
# गुरुग्राम

## कर्मचारी राज्य बीमा निगम के उप-क्षेत्रीय कार्यालय को मिला प्रथम पुरस्कार

**अमर भारती संवाददाता**

गुरुग्राम। कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) द्वारा विशाखापत्तनम (आंध्र प्रदेश) में 34वें अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन आयोजित किया गया। इस दो दिवसीय सम्मेलन की अध्यक्षता निगम के महानिदेशक अशोक कुमार सिंह ने की। सम्मेलन में ईएसआईसी के देशभर के सभी कार्यालयों एवं अस्पतालों के राजभाषा अधिकारी एवं राजभाषा प्रभारी अधिकारियों ने सहभागिता की। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य ईएसआईसी के कार्यालयों एवं अस्पतालों में राजभाषा हिंदी के प्रभावी कार्यान्वयन की समीक्षा करना तथा राजभाषा हिंदी के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्यालयों को सम्मानित करना था। सम्मेलन के दौरान महानिदेशक अशोक कुमार सिंह द्वारा कर्मचारी राज्य बीमा निगम के उप-क्षेत्रीय कार्यालय गुरुग्राम को राजभाषा हिंदी के कार्यान्वयन में निर्धारित लक्ष्यों की शत-प्रतिशत प्राप्ति एवं सराहनीय कार्यों के लिए प्रथम पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त उप क्षेत्रीय कार्यालय गुरुग्राम की हिंदी गृह पत्रिका श्रम ज्योति के 9वें अंक को भी उत्कृष्ट प्रकाशन के लिए प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ. स्वीटी यादव, सहायक निदेशक (राजभाषा) ने सम्मेलन में उप क्षेत्रीय कार्यालय गुरुग्राम का प्रतिनिधित्व कर पुरस्कार प्राप्त किए।